*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 ईमेल-promgahv@gmail.com

---

## हिंदी विश्वविद्यालय में पत्रिका-प्रकाशन के सीखाए गुर
## विनोबा योग मण्डल द्वारा कार्यशाला आयोजित

वर्धा दि. 27 अप्रैल 2015: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में "कौशल सफल जीवन का आधार है और विविध कर्मो मे कुशलता अर्जित करना योग का एक स्वरूप" इसी विचार के साथ विनोबा योग मण्डल द्वारा कौशल विकास कार्यक्रम की कड़ी में पत्रिकाओं को प्रकाशन कैसे करे इस विषय पर कार्यशाला आयोजित की गयी। विनोबा योग मण्डल के संयोजक डा. अरुण प्रताप सिंह ने कौशल विकास कार्यशाला के महत्व को बताते हुए कहा कि हमें भले ही लाख डिग्रियाँ मिल जाएँ, जीवन के अकूत ऐश्वर्य प्राप्त हो जाएँ किन्तु जीवन मे अगर कौशल का विकास न किया जाये तो यह जीवन न तो सुखकर हो सकता है न ही समाज के लिए उपादेय। इसलिए अध्यापक, विद्यार्थी, कर्मचारी या फिर जनसामान्य सभी के लिए कौशल विकास अत्यावश्यक है। चूंकि हम सभी किसी-न-किसी कौशल से सम्पन्न होते हैं अत: एक दूसरे से हम कुछ-न-कुछ सीख सकते हैं। इसी संदर्भ मे, विद्यार्थी और अध्यापक सब अपने-अपने कौशल के ज्ञान को एक दूसरे से साझा करें इस हेतु इस कार्यक्रम की शुरुआत की गयी है। उन्होंने बताया कि विभिन्न कौशल से संबंधित कार्यशाला हर शनिवार को विश्वविद्यालय में आयोजित की जाएगी और इस कार्यशाला के लिए उन्होंने वर्धा शहर के छात्रों को भी आमंत्रित किया है।

कार्यशाला में एम. फिल. जनसंचार के विद्यार्थी सन्नी गौड़ ने पत्रिका प्रकाशन के कौशल हेतु क्वार्क एक्स्प्रेस नामक साफ्टवेयर के उपयोग का पावर प्वाइंट के द्वारा प्रशिक्षण दिया। उन्होंने यह सिखाया कि कैसे किसी समाचार-पत्र या पत्रिका में चित्र, आवरण और सज्जा के समुचित संयोजन से किसी भी समाचार या आलेख को हृदयग्राही बनाया जाता है। विभिन्न विभागों के विद्यार्थी, कर्मचारी, आस-पास के नागरिकों ने इस कार्यक्रम मे प्रशिक्षु के रूप मे भाग लिया। सभी ने इस कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की। विनोबा योग मण्डल के संयोजक ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## हिंदी विश्वविद्यालयात नियतकालिकांचे प्रकाशन कसे करावे यावर कार्यशाळा
## विनोबा योग मंडळाचे आयोजन

वर्धा दि. 27 अप्रैल 2015: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात नियतकालिकांचे प्रकाशन कसे करावे या विषयावर कार्यशाळा घेण्यात आली. विनोबा योग मंडळाचे संयोजक डा. अरुण प्रताप सिंहयांनी कौशल्य विकास कार्यशाळेचे महत्व सांगितले आणि विविध विषयावरील कार्यशाळा प्रत्येक शनिवारी विश्वविद्यालयात घेण्यात येतील अशी माहिती दिली. या कार्यशाळेला वर्धेतील विद्यार्थ्यांनी आपला सहभाग नोंदवून लाभ घ्यावा असे आवाहनही त्यांनी केले. कार्यशाळेत एम. फिल. जनसंचारचा विद्यार्थी सन्नी गौड यांने नियतकालिक प्रकाशित करण्यासाठी आवश्यक असलेल्या क्वार्क एक्स्प्रेस या साफ्टवेयर विषयी पावर प्वाइंटच्या माध्यमातून माहिती दिली. विविध कौशल्य आत्मसात करण्यासाठी अशा प्रकारची कार्यशाळा उपयोगी असल्याची प्रतिक्रिया विद्यार्थ्यांनी नोंदविली.